एयरसेल के 3 जी नेटवर्क का कोलकाता में आक्रामक विस्तार

नेटवर्क मजबूत करने के लिए दिसंबर तक 346 नई साइटों को जोड़ेगा

त्यौहारी मौसम में ग्राहकों के लाभ के लिए 175 रूपये में विशेष 3 जी डेटा रिचार्ज पैक

कोलकाता 30 सितंबर 2015: अपने मूल्यवान ग्राहकों को निर्बाध कनेक्टिविटी देने की प्रतिबद्धता के साथ भारत की अग्रणी व अभिनव मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक एयरसेल ने कोलकाता में 3 जी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए आज आक्रामक विस्तार की घोषणा की! कंपनी 2015 के अंत तक तकरीबन 350 नई 3जी साइट्स को जोड़ लेगी! इसी के साथ 2 लाख नए ग्राहकों की एयरसेल से जुड़ने की उम्मीद की जाती है जो 21 Mbps की डेटा स्पीड का आनंद ले सकेंगे! इस अवसर पर एयरसेल ने 174 रूपये का विशेष 3 जी डेटा रिचार्ज पैक लांच किया है जो आगामी दुर्गा पूजा में मेजबान को मुफ्त लाभ देगा! त्यौहारी सीजन में, एयरसेल का विशेष 3 जी डेटा रिचार्ज ग्राहकों को मुफ्त लाभ देगा जैसे इसमें 100 रूपये का टॉक टाइम, 200 मिनट की एयरसेल से एयरसेल कॉलिंग, 250 लोकल एसएमएस, 500 एमबी 3 जी डेटा और 30 दिन की अतिरिक्त बैधता शामिल हैं! जब यह रोमांचक लाभ एयरसेल के मजबूत नेटवर्क के साथ मिलेगा तब ग्राहक को निर्बाध अनुभव प्राप्त होगा!

कोलकाता और RoWB के बिजनेस हेड संजीव गर्ग ने कहा,'' बिना किसी रूकावट के इंटरनेट चलाने वाले 3 जी यूजर्स की संख्या बढ़ती जा रही है विशेषरूप से मोबाइल हैंडसेट को विभिन्न उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा है! हम अपने ग्राहकों की इस उम्मीद पर खरा उतरने के लिए अथाह प्रयास कर रहे हैं इसलिए हमने कोलकाता में 3 जी नेटवर्क के विस्तार के लिए अपने प्रयास दुगुने कर दिये हैं! कोलकाता में 3 जी नेटवर्क मजबूत करने के लिए हमने 346 थ्री जी साइट्स जोड़ी हैं, इससे हमें अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में बहुत मदद मिलेगी! हमने 3 जी सब्सिक्राइबर में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है! हमारा ध्यान हमारे मूल्यवान ग्राहकों को मजबूत नेटवर्क देने पर केंद्रित बना हुआ है!''

उन्होंने आगे कहा,'' हम हमेशा ही वेल्यु फॉर मनी उत्पाद और सेवाएं देने के लिए प्रयासरत रहते हैं और हमारा नया 175 रूपये का रिचार्ज पैक त्यौहारी मौसम में अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए ''डू ए लिटिल एक्सट्रा(थोड़ा सा अधिक)'' करने का प्रयास है!''

नई 3 जी साइट्स जुड़ने के साथ ही एयरसेल की शहर में 4 हजार से अधिक साइट्स हो जायेंगी और यह विस्तार कंपनी में ग्राहकों की संख्या को लगातार बढ़ायेगा! एयरसेल अपने मौजूदा नेटवर्क को लगातार अपग्रेड करती रहती है जिससे क्षमता बढ़ाई जा सके, नेटवर्को पर मौजूदा दबाव को कम किया जा सके और अधिक दक्षता हासिल की जा सके!

एयरसेल के बारे में

एयरसेल भारत के अग्रणी नवीन मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक है! कंपनी के 3 जी स्पैक्ट्रम 13 सर्किलों में हैं और बीडब्ल्यूए स्पैक्ट्रम 8 सर्किलों में हैं व कंपनी को भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में 3 जी सेवा का श्रेय दिया जाता है!

डेटा टेलीकॉम में नए खिलाड़ी होने के बावजूद भी एयरसेल लगातार अपने ग्राहकों को नवीनतम और वेल्यू फॉर मनी प्रोडक्ट व सेवाएं दे रही है, जो इंडस्ट्री में प्रथम हैं! एयरसेल पॉकेट इंटरनेट आम जनता के लिए 3 जी को किफायती बनाने के लिए पहला कदम बढ़ा रही है! एयरसेल पहला टेलीकॉम प्लेयर है जिसने एयरसेल में फेसबुक वॉयस अपडेट की है! इसकी और भी कई खासियतें हैं! एयरसेल द्वारा दिए जाने वाले स्मार्ट पॉकेट इंटरनेट प्लान ने वास्तव में मोबाइल इंटरनेट के उपयोग को पूरी तरह से बदल दिया है!

कंपनी को ग्राहक सेवा श्रेणी में प्रतिष्ठित वॉयस एंड डेटा स्पेशल लीडरशिप रिकगनीशन अवार्ड मिला जिसे पाकर कंपनी को गर्व महसूस हुआ! इनोवेटिव कस्टमर रिसर्च मॉडल के लिए ईटी टेलीकॉम अवार्ड 2014 और मार्केटिंग कैंपेन में इनोवेशन के लिए एजीस ग्राहम बेल 2014, बिजनेस में तकनीक के उपयोग और कार्यान्यवन में उत्कृष्टता के लिए डेटा क्वेस्ट अवार्ड 2014 और सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व विकास श्रेणी में बैंडन हॉल अवार्ड मिला है! अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.aircel.com पर लॉग इन करें !

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

Abhishek Roy, Corporate Communications, Aircel – abhishek.roy1@aircel.co.in | +91 8802299906